# राजभवन में फिर दिखी हलचल...चंपाई कैबिनेट के मंत्रियों ने ली शपथ

राजधानी रांची स्थित राजभवन में शुक्रवार को फिर से हलचल दिखी. चंपाई सोरेन सरकार की कैबिनेट का विस्तार हो गया है. मंत्रियों के नाम सामने आए और सभी को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राजभवन में आयोजित समारोह में शपथ भी दिलाई. कैबिनेट में कुछ पुराने चेहरे और कुछ नए चेहरे नजर आए. राजभवन के बाहर पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं व मीडियाकर्मियों की भीड़ नजर आई. बड़ी तादाद में सुरक्षाबलों की भी तैनाती थी.

फोटो : रमीज







### हेमंत सोरेन की जगह बसंत को सोरेन परिवार से मिली इंट्री

## बसंत शपथ लेने से पूर्व हेमंत से मिलने होटवार गए, की मंत्रणा

विशेष संवाददाता। रांची

राजभवन में शपथ लेने से पूर्व बसंत सोरेन जेल में बंद अपने बड़े भाई हेमंत सोरेन से मिलने पहुंचे. उन्होंने अपने बड़े भाई हेमंत सोरेन से आशीर्वाद लिया. करीब दस मिनट तक दोनों के बीच बातचीत हुई. अपने बड़े भाई के जेल जाने के बाद बसंत सोरेन दुखी चल रहे हैं. उन्होंने हाल ही में दुमका में एक कार्यक्रम के दौरान बसंत सोरेन काफी भावुक हो गए थे. संबोधन के वक्त उनका गला भर जा रहा था. वह कुछ कह नहीं पा रहे थे. उनकी आंखों में आंसू थे. उन्होंने सिर्फ इतना ही कहा था कि उनका भाई हेमंत सोरेन हमेशा गरीबों के लिए सोचता है. गरीबों, दलितों, शोषितों की आवाज हेमंत सोरेन है. बसंत सोरेन ने पिता शिबू सोरेन और माता रूपी सोरेन का भी आशीर्वाद लिया. इस दौरान माता-पिता के चेहरे पर मुस्कान भी दिखी.





**भाभी कल्पना ने बसंत का मुंह मीठा कराया**

मंत्री पद के शपथ लेने और पिता शिबू सोरेन से आशीर्वाद लेने के बाद बंसत सोरेन भारी कल्पना सोरेन से मिलने कांके रोड स्थित आवास पहुंचे. कल्पना सोरेन ने बसंत को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं.

### मंत्रिमंडल विस्तार के बाद सीएम चंपाई ने की मीडियाकर्मियों से बात

## कम समय में हेमंत बाबू के सारे अधूरे कार्य पूरे करने हैं : चंपाई

विशेष संवाददाता। रांची

मंत्रिमंडल विस्तार के बाद राजभवन में मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि कम समय में हेमंत बाबू के सारे अधूरे कार्य को पूरा करना है. यह चुनौती है, मगर सारे काम होंगे. सभी को पीने का पानी मिले, गरीबों को आवास मिले, खाना मिले. युवाओं को रोजगार मिले. ग्रामीण क्षेत्रों का विकास हो. शहर का विकास हो. झारखंडियों का मान-सम्मान बढ़े, रोड-नाली, बिजली की सुविधा सभी को मिले. यही तो यह सरकार की सोच रही है. हर दिन हमलोग जनकल्याणकारी योजनाओं पर ही काम कर रहे हैं. सीएम ने कहा कि सरकार गांव से लेकर शहर तक हर परिवार को पीने का पानी मुहैया कराने के लिए काम कर रही है. 100 यूनिट फ्री बिजली हमारी सरकार ने 21 लाख कंज्यूमरों को दिया, जिसे अब हमने 125 यूनिट कर दिया.



**सीएम चंपाई सोरेन बसंत व मिथिलेश गुरुजी से मिले**

मंत्रिमंडल विस्तार के बाद चंपाई सोरेन शिबू सोरेन से मिलने और उनका आशीर्वाद लेने पहुंचे. मौके पर मंत्री व बंसत सोरेन, मिथिलेश ठाकुर भी साथ थे.

**41 साल की उम्र में विधायक बने बसंत**

हेमंत सोरेन 2019 के विस चुनाव में बरहेट व दुमका से चुनाव लड़े थे. दोनों जगह से जीते. हेमंत ने दुमका सीट छोड़ दिया. इसी सीट पर छोटे भाई बसंत सोरेन को उपचुनाव में उम्मीदवार घोषित दिया. बसंत उपचुनाव जीते.

## रिम्स ओपीडी

**विभाग डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ मनोज कुमार प्रसाद
- सर्जरीः डॉ पंकज बोदरा
- ऑर्थोपेडिकः डॉ जीके गुप्ता
- न्यूरोसर्जरीः डॉ आनंद प्रकाश
- गायनीः डॉ नीलम नलिनी
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- रेडिएशन आंकोलॉजीः डॉ रश्मि सिंह
- सर्जिकल आंकोलॉजीः डॉ रोहित कुमार झा
- नेत्रः डॉ सुनील कुमार
- स्किनः डॉ प्रभात कुमार
- ईएनटीः डॉ बिनोद कुमार सिन्हा
- न्यूरोलॉजीः डॉ रूपेश प्रसाद

## सदर ओपीडी

**विभाग डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ अरुणोदय, डॉ बीएन पोद्दार और डॉ सत्येंद्र
- सर्जरीः डॉ अजीत कुमार
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ मुस्सरत यामिनी और डॉ श्रुति प्रभा
- पीडियाट्रिक(शिशु रोग): डॉ सूर्या
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- सर्जीकल आंकोलॉजीः डॉ प्रकाश भगत
- नेफ्रोलॉजीः डॉ नवीन कुमार

## शहर में आज

1. यंग इंडिया जनमत संग्रह पर कार्यक्रम, माले कार्यालय में दोपहर एक बजे
2. टोटेमिक कुरमी कुड़मी की प्रेस वार्ता, कचहरी स्थित होटल गंगा आश्रम में दोपहर तीन बजे.
3. शहर के विभिन्न हिस्सों में कार्यक्रम दिन के 10 बजे से.

**सूचनाः** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

### रघुवर, हेमंत और अब चंपाई सरकार में भी खाली रह गया यह बर्थ

# पिछले आठ साल से झारखंड कैबिनेट में 12वां पद बना मिस्ट्री

रवि भारती। रांची

झारखंड में पिछले आठ साल से मंत्रिमंडल का 12 वां पद मिस्ट्री बनकर रह गया है. रघुवर सरकार, उसके बाद हेमंत सरकार फिर चंपई सरकार में भी मंत्री का 12 वां पद खाली रह गया. शुक्रवार को 8 मंत्रियों से शपथ ली. इसे पहले दो फरवरी को सीएम सहित दो मंत्रियों ने शपथ ली थी. सत्ता के गलियारों में अब यह चर्चा का विषय बन गया है. सत्ता के गलियारों में चर्चा यह भी है कि 12 वां मंत्री पद कहीं महागठबंधन में फूट का कारण न बन जाए, इसलिए इसे खाली ही रखा गया है.

12 वें मंत्री पद को लेकर झामुमो और कांग्रेस में काफी खींचतान भी रही है. मौजूदा चंपाई सरकार में कांग्रेस कोटे से आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता और बादल मंत्री हैं. वहीं झामुमो कोटे से बसंत सोरेन, बेबी देवी, दीपक बिरुवा, मिथिलेश ठाकुर, हफिजुल हसन मंत्री हैं. राजद कोटे से सत्यानंद भोक्ता मंत्री हैं. 12वे मंत्री पद को खाली रखने के पीछे तर्क यह भी दिया जा रहा है कि सहयोगियों के बीच किसी तरह का विवाद न हो. इसलिए मुख्यमंत्री ने एक सीट खाली रखकर सरकार का कार्यकाल पूरा करने का सबसे आसान रास्ता चुना है. बहरहाल हर मुद्दे पर रघुवर सरकार की नीतियों का विरोध करनेवाले तब का विपक्षी महागठबंधन अब सत्ता में है और 12वें मंत्री की के मामले में पिछली रघुवर सरकार की राह पर ही है.

## शपथ ग्रहण के ठीक पहले वैद्यनाथ राम का नाम कटा



**रांची।** झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने चंपाई सोरेन की हेमंत पार्ट -2 वाली सरकार के कैबिनेट के दूसरे विस्तार पर तंज कसा है. उन्होंने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार के क्रम में शपथ ग्रहण से ठीक पहले वैद्यनाथ राम का नाम काट दिया गया. उन्होंने कहा है कि राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी. जिसमें डॉ. रामेश्वर उरांव, दीपक बिरुआ, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, मिथिलेश ठाकुर, बसंत सोरेन, हफीजुल हसन और बेबी देवी शामिल रहीं. राज्य की विडंबना है कि शपथ ग्रहण के ठीक पहले बैद्यनाथ राम जी का नाम आखिरी समय में काटा गया. जबकि बैद्यनाथ राम का नाम राजभवन को भेजी गयी सूची में शामिल था. उन्होंने कहा है कि झारखंड के 50 लाख की आबादी वाले अनुसूचित जाति समाज को ठगबंधन सरकार के द्वारा एक और ठगी-धोखा का सामना करना पड़ा है. उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस, राजद का दलित विरोधी चेहरा फिर से एक बार सबके सामने आ गया है. झारखंड के दलित वर्ग सिर्फ उनकी पार्टी का झंडा और डंडा ढोने लायक है ना कि सत्ता में हिस्सेदारी व भागीदारी के लायक है. एक बार फिर मंत्री परिषद में अनुसूचित जाति समाज का प्रतिनिधित्व शून्य रहेगा. इस निकम्मी एवं ठगबंधन वाली सरकार को लोकसभा व विधानसभा के चुनाव में जनता करारा जवाब देगी.

## एससी को प्रतिनिधित्व नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण : सुदेश



**रांची।** मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि मंत्रिमंडल का स्वरूप सरकार की सोच, नीति और नीयत को दर्शाता है. मंत्रिमंडल में इस बार भी अनुसूचित जाति समुदाय को प्रतिनिधित्व नहीं मिला. मुख्यमंत्री जी से उम्मीद थी कि राज्य की बड़ी आबादी जो पिछले 50 महीनों से नेतृत्वविहीन है उन्हें सरकार में नेतृत्व मिलेगा लेकिन ऐसा हुआ नहीं. यह अति दुर्भाग्यपूर्ण है. झारखंड देश का इकलौता राज्य है, जहां अनुसूचित जाति का एक भी मंत्री नहीं है. साथ ही मंत्रिमंडल में राज्य की आधी आबादी का भी प्रतिनिधित्व कम कर दिया गया है. राज्य के इतिहास में पहली बार 12 महिला विधायक चुन कर सदन पहुंची हैं. इनमें 8 महिलाएं विधायक सत्ता पक्ष की हैं, लेकिन चंपाई सोरेन मंत्रिमंडल में सिर्फ एक महिला को मंत्री पद दिया गया है. इससे पहले दो महिला मंत्री थीं, सरकार ने इस संख्या को बढ़ाने की बजाय आधा कर दिया है. सुदेश ने कहा कि सरकार के पास महिला सशक्तीकरण को बल देने का सुनहरा अवसर था, लेकिन सरकार की इस मामले में भी कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई. इसके अलावा सरकार ने ओबीसी समाज को आबादी के अनुसार मंत्रिमंडल में स्थान नहीं दिया गया है. इन्होंने राज्य की सबसे बड़ी आबादी को छलने का काम किया है . सरकार के मंत्रिमंडल में क्रिश्चियन समुदाय की सहभागिता अभी भी शून्य है. यह सरकार की मानसिकता को दिखलाता है.

## सीता सोरेन को मंत्री नहीं बनाने का भुगतना पड़ सकता है परिणाम : विजय शंकर



**रांची।** सीता सोरेन को मंत्री नहीं बनाना स्व. दुर्गा सोरेन के झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में उनकी अहम भूमिका को अनदेखा करने जैसा है. उपरोक्त बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कही है. उन्होंने कहा कि विधायक सीता सोरेन का हक बनता था, मगर उनको इस हक से वंचित किया गया. जो झारखंड अलग राज्य के निर्माण में शिबू सोरेन के साथ कदम से कदम मिलाकर लड़ाई लड़ने वाले स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता सोरेन की अनदेखी ठीक नहीं है. झामुमो को आने वाले दिनों में इसका परिणाम भुगतना पड़ सकता है.

**क्या है प्रावधान**

संविधान में संशोधन के बाद विधानसभा में मंत्रियों की संख्या कुल विधायकों की संख्या का 15 फीसदी ही हो सकती है. इस आधार पर झारखंड में मुख्यमंत्री समेत अधिकतम 12 मंत्री हो सकते हैं, लेकिन पिछले आठ सालों से राज्य में 12वें मंत्री का पद खाली है. झारखंड की मौजूदा चंपई सरकार में भी 11 मंत्री हैं. अब सरकार अपने कार्यकाल के आखिरी साल में प्रवेश कर चुकी है.


### डीडीसी का निर्देश छात्र, ग्रामीण और युवा वोटरों को जागरूक करें

## मतदाता जागरूकता, चुनावी पाठशाला चलाएं

संवाददाता। रांची

रांची डीडीसी दिनेश कुमार यादव ने शुक्रवार को विकास भवन में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता की बैठक की. इसमें जुड़े सभी पदाधिकारियों को लोकसभा चुनाव से पूर्व चुनावी गतिविधियों पर कार्य करते हुए मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता फैलाने और मतदाता साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया गया, ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा जागरूक होकर मतदान में अपनी सहभागिता निभा सकें.इससे मतदान के प्रतिशत में काफी बढ़ोतरी होगी.

**मतदान प्रतिशत बढ़े, इसके लिए हर बूथ काफी महत्वपूर्ण है**



डीडीसी ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़े, इसके लिए हर बूथ काफी महत्वपूर्ण है. इसके लिए बूथ वाइज योजना एवं यूनिक पोलिंग स्टेशन बनायें, जो थीम के अनुसार तैयार हों. डीडीसी ने सभी पदाधिकारियों को एक्शन प्लान बना कर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत क्या-क्या एक्टिविटी करनी है, नए आइडिया व ट्रेंडी तरीके से कैसे किया जाये, इसे लेकर एक्टिविटी कैलेंडर बना कर जल्द से जल्द मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाने को कहा.. बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक सुमन सहित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता से जुड़े सभी पदाधिकारी उपस्थित थे.

डीडीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि देश के प्रजातंत्र को मजबूत बनाने के लिए भारत के निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान चलायें. इसेक साथ ही चुनावी पाठशाला चलाते हुए स्कूल-कॉलेज, शैक्षणिक संस्थान, ग्राम पंचायत, ग्रामीण और युवा वोटरों को जागरूक करें, ताकि वोटर टर्नआउट बढे. साथ ही वोटरों को जोड़ने व मतदान के लिए सोशल मीडिया व आइकॉन के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित करते हुए संदेश दें, ताकि वोटिंग परसेंटेज बढ़ाया जा सके. पूरे चुनाव के दौरान लगातार जागरूकता अभियान चलाते रहने के साथ ही साथ अन्य साधनों के माध्यम से पोस्टर, बैनर, नुक्कड़ नाटक, मानव श्रृंखला बना कर मतदाताओं को जागरूक करें.

## जदयू को एनडीए में चाहिए 3 सीट, नीतीश से मिलेंगे नेता

विशेष संवाददाता। रांची

जदयू अब एनडीए खेमे में आ चुका है. इसलिए एनडीए में उसे झारखंड से तीन लोकसभा सीट चाहिए. जिसमें हजारीबाग, चतरा और धनबाद शामिल है. जल्द ही इस मांग को लेकर प्रदेश जदयू नेता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलेंगे. इसके साथ ही नीतीश कुमार को झारखंड आने का न्योता दिया जाएगा ताकि उनका यहां अभिनंदन किया जाए. यह निर्णय प्रदेश जदयू कार्यकारिणी की बैठक पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को ली गयी.

**राष्ट्रीय अध्यक्ष से जल्द मुलाकात करेंगे : खीरू**

बैठक में पार्टी की सदस्यता अभियान को तेज करने, पार्टी संगठन को मजबूत करने और विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा हुई. जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने बैठक कहा कि झारखंड में एनडीए गठबंधन के तहत तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव पार्टी की राज्य इकाई ने कार्यसमिति की बैठक में लाया है. इससे वह जल्द राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया जाएगा. इसके साथ ही उन्होंने सांगठनिक कार्यों में तेजी लाने के लिए कोर कमेटी के गठन की बात कही.

## न्यूज अपडेट

### ऐतिहासिक रही औद्योगिक हड़ताल : एक्टू

**रांची।** ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन (एक्टू) के प्रदेश सचिव भुवनेश्वर केवट ने कहा कि गुरुवार की झारखंड समेत पूरे देश में ओद्योगिक हड़ताल और ग्रामीण बंद असरदार रहा. हड़ताल से कोयला, लोह अयस्क, बॉक्साइड, और ओद्योगिक संस्थानो में उत्पादन और ट्रांसपोर्ट बाधित रहा. ग्रामीण बंद से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन ठप्प रहा. हड़ताल व ग्रामीण बंद ऐतिहासिक रहा है. मजदूर किसान और स्कीम वर्करों के प्रचंड आक्रोश की कीमत प्रचंड बहुमत वाली मोदी सरकार को चुकानी पड़ेगी.

### मजदूर विरोधी कानून वापस हो : एटक



**रांची।** सीएमपीडीआई रांची में कोयला मजदूर यूनियन (एटक) के बैनर तले केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी और जन विरोधी नीतियों के खिलाफ हड़ताल की घोषणा की गई. यूनियन के महासचिव सतीश कुमार केसरी ने कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड की सभी अनुषंगी कंपनियों के साथ साथ सीएमपीडीआई के सभी क्षेत्रीय संस्थानों समेत सभी ड्रिलिंग कैंपों में भी हड़ताल सफलता पूर्वक की गयी. इस प्रदर्शन के जरिए केंद्र सरकार को यह चेतावनी दी गई कि यदि वह मजदूर विरोधी कानूनों को वापस नहीं लेती है तो सभी मजदूर आने वाले समय में किसी भी हद तक आंदोलन पर जा सकते हैं.

### अरगोड़ा अंचल के सीओ ने की बैठक

**रांची।** अरगोड़ा अंचल के सीओ ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में बैठक की, जिसमें उन्होंने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन अब सभी वर्ग की महिला के लिए 50 वर्ष के उम्र में बनाया जा रहा है. साथ ही एससी/एसटी पुरुषों का भी 50 वर्ष में ही बनेगा. इच्छुक लोग 22 फरवरी को अपने वार्ड कार्यालय में इसका आवेदन दे सकते हैं. लाभ लेने के लिए अपना आधार कार्ड, वोटर कार्ड, बैंक का खाता का फोटो कापी और एक अपनी तस्वीर एवं कास्ट सर्टिफिकेट लेकर आना आवश्यक है. कैंप दिन के 11 बजे नगर निगम के सभी वार्ड क्षेत्र में कार्यालय के समक्ष लगाया जायेगा. बैठक में पूर्व पार्षद अरुण कुमार झा, सविता कुजूर, अर्जुन राम, शशि सिंह आदि पार्षद शामिल थे.

### एचईसी बचाओ मजदूर संघर्ष समिति ने रैली निकाली

**रांची।** एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति ने आज एचईसी मुख्यालय से धुर्वा गोलचक्कर तक रैली निकाली. इस रैली में हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोशन लिमिटेड (एचईसी) के सभी मजदूर शामिल हुए. पहले यह रैली बिरसा चौक तक निकाली जानी थी. लेकिन समिति ने धुर्वा गोलचक्कर तक ही रैली निकाली. बता दें कि एचईसी के अफसर और कर्मचारी एक माह से आंदोलन कर रहे हैं. बकाये वेतन, ठेका श्रमिकों का कॉन्ट्रैक्ट रिन्यूअल करने सहित अन्य मांगों को लेकर एचईसी के कर्मचारी निगम मुख्यालय के सामने एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के बैनर तले धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं.

### मंत्री हफिजुल हसन को दी मुबारकबाद

**रांची।** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद एवं प्रवक्ता शहजाद अनवर ने मंत्रिमंडल के विस्तार पर कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा शुक्रवार को मंत्रिमंडल का विस्तार कर सफल नेतृत्व का उदाहरण पेश किये हैं, जिसके लिए वो बधाई के पात्र हैं, राज्य के शिक्षक अब उम्मीद करते हैं कि उनके नेतृत्व में शिक्षा एवं शिक्षक हित में बेहतर परिणाम देखने को मिलेगा. राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने सभी मंत्रियों का स्वागत करते हुए मंत्री बनाये गये हफीजुल हसन अंसारी को उर्दू में शपथ लेने के लिए संघ की ओर से मुबारकबाद दी है.

### पीएम-जनमन योजना कैंप 19 फरवरी से

**रांची।** रांची जिले के आठ प्रखंडों में 19 फरवरी से 26 फरवरी तक प्रधानमंत्री जन मन शिविर का ग्रामवार आयोजन किया जाएगा. इस संबंध में रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया. यह आयोजन विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के परिवारों के उत्थान के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) योजना के सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से किया जा रहा है. यह शिविर रांची जिला के विभिन्न आठ प्रखंडों तमाड़, बुंडू, खलारी, बुढ़मू, सिल्ली, राहे, अनगड़ा और चान्हो में लगाया जाएगा.

## आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो ने चालीसा काल पर मसीही विश्वासियों के लिए जारी किया संदेश

# कलीसिया के आंतरिक नवीकरण का अच्छा अवसर

संवाददाता। रांची

ईसाई समाज के विश्वासियों का चालीसा काल राख बुध से शुरू हो गया है. इसी के साथ लोग यीशु के दुखभोग का स्मरण करते हैं. यह समय ईश्वर से मेल का समय है. आर्चबिशप एमेरितुस फेलिक्स टोप्पो ने अपने संदेश कहा कि चालीसा काल कलीसिया के लिए आंतरिक नवीनीकरण का अनुकूल अवसर है. चालीसा में हम प्रार्थना, उपवास, तपस्या, भिक्षादान, भले काम, पश्चात्ताप और धार्मिकता, अपने नवीकरण करें. इस नवीनीकरण का उद्देश्य है कि हम प्रभु यीशु ख्रीस्त के दुखभोग, मरण और पुनरुत्थान के रहस्यों के समारोहों में योग्य रीति से भाग ले सकें. हमारे प्रभु ने हमारे पापों के बदले कई प्रकार के अपमान और दुखों को झेला है. अंत में क्रूस पर ठोंके जाकर भयंकर पीड़ा सहते हुए, अपने पिता के हाथों उन्होंने अपने प्राण सौंप दिए. इस तरह अनन्त मृत्यु पर विजय पाकर उन्होंने मनुष्य के लिए मुक्ति हासिल की. वास्तव में चालीसा पास्का की आध्यात्मिक तैयारी है.



**खास बातें**

- राख-बुध और पवित्र शुक्रवार हैं उपवास और परहेज के दिन
- परहेज का अर्थ है मांस और मांस वाली चीजों का त्याग

उन्होंने कहा कि प्रभु येसु ख्रीस्त ही सारी मानव जाति के लिए 'मार्ग, सत्य और जीवन' हैं. उसी में हमारी मुक्ति है. प्रभु येसु ने अपने स्वर्गारोहण के पहले आदेश देकर कहा, 'संसार के कोने-कोने में जाकर सारी सृष्टि को सुसमाचार सुनाओ. वास्तव में सुसमाचार स्वयं प्रभु येसु ख्रीस्त हैं और वे ही प्रेम, शान्ति और न्याय हैं. हमें प्रेम, शान्ति और न्याय के राज्य की घोषणा करनी है. आज हमारी मातृभूमि में प्रेम, शान्ति और न्याय का व्यापक हनन हो रहा है. हमें चाहिए कि हम सारे मन दिल से परम दयालु प्रेमी पिता ईश्वर से प्रार्थना करें कि वह हमें इन चुनौतियों को सहने और सामना करने के लिए बुद्धि और विवेक, साहस और शक्ति प्रदान करे. इसके लिए चाहिए कि चालीसा में प्रार्थनाओं के साथ-साथ हम उपवास और परहेज करें.

आर्च बिशप ने कहा कि राख-बुध और पवित्र शुक्रवार उपवास और परहेज के दिन हैं. परहेज का अर्थ है मांस और मांस वाली चीजों का त्याग करना. चालीसा के सभी शुक्रवार परहेज के दिन हैं. चौदह वर्ष के होने पर सभी कैथोलिक के लिए परहेज का नियम लागू होता है. अट्ठारह वर्ष पूरे होने पर और साठवें वर्ष शुरू होने तक सभी कैथोलिक के लिए उपवास करने का नियम लागू होता है. उन्होंने कहा कि चालीसा की अवधि में प्रार्थना करें कि ईश्वर हमारे हृदय को अपने हृदय के समान नम्र और विनीत बना दे. इस तरह हमारा हृदय ईश्वर के प्रति आज्ञाकारी व धन्यवादी और दूसरों के प्रति दयावान और उदार बनेगा. मेरी आशा और प्रार्थना है कि वर्तमान चालीसा आध्यात्मिक रूप से प्रत्येक विश्वासी और कलीसियाई समुदाय के लिए फलदायक हो.

# किडनी फेल मरीज का पारस हॉस्पिटल में हुआ सफल इलाज



संवाददाता। रांची

रांची के पारस एचईसी हॉस्पिटल में किडनी फेल मरीज का सफल इलाज किया गया. 27 जनवरी को एक 50 वर्षीय पुरुष बेहोशी और बुख़ार की समस्या के साथ लाया गया. मरीज़ को तत्काल पारस एचईसी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया. पारस अस्पताल में डॉ अशोक कुमार बैद्य ने मरीज़ की जांच की और पाया कि उसकी किडनी काम करना बंद कर चुकी है, जिसके कारण मरीज का यूरीन कम पास हो रहा था. मरीज़ के खून की जांच की गई. हीमोग्लोबिन एवं प्लेटलेट्स काफ़ी कम और सीरम एलडीएच बहुत बढ़े हुए पाए गए. मरीज़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉ. बैद्य की निगरानी में तत्काल प्लाज्मा फेरेसिस डायलिसिस और ब्लड ट्रांसफ्यूजन किया गया. प्लेटलेट्स को नियंत्रित करने के लिए मरीज़ के प्लेटलेट्स भी ट्रांसफ़्यूज़ किए गए. दो से तीन दिनों के नियमित इलाज के बाद मरीज़ की हालत सामान्य हो गयी.

## पूजा पंडालों में दिनभर चलता रहा पूर्णाहुति हवन-पूजन का सिलसिला

# राजधानी में माता सरस्वती को दी गयी भावभीनी विदाई





संवाददाता। रांची

मां सरस्वती पूजनोत्सव शुक्रवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हो गया.सुबह से दोपहर बाद तक पूजा पंडालों में पूर्णाहुति हवन-पूजन का सिलसिला चला.अपराह्न बाद वाहनों पर मां की प्रतिमा विराजमान कर गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी. रंग-गुलाल उड़ा, नाचते-झूमते छात्र-छात्राओं टोली मां के जयकारे लगाती चल रही थी. डीजे की धुन पर ताल से ताल मिला नृत्य करते युवा जब जोश में आते तो जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो जाता. सांझ ढलने तक प्रमुख चौक-चौराहों पर कुछ ऐसे ही नजारे दिखते रहे, शोभायात्रा पर पुलिस के जवान लगातार निगरानी रख रहे थे. कांके डैम, बड़ा तालाब, लाइन तालाब, बटम तालाब सहित शहर के विविध जलाशयों में देर शाम तक मां की प्रतिमा विसर्जन को लेकर विभिन्न पूजा समितियों का तांता लगा रहा. जलाशयों के पास विद्यार्थियों ने श्रद्धाभाव से हंस वाहिनी माता सरस्वती की आरती उतारी. बुद्धि और ज्ञान का वर मांग मूर्ति का विसर्जन किया.

**बच्चों ने की जम कर मस्ती**

मां सरस्वती पूजा विसर्जन शोभायात्रा में शामिल बच्चों ने जम कर मस्ती की. सुरक्षा कारणो से नन्हे-मुन्नों को छोटे वाहन में सवार कर साथ ले जाया गया. बच्चों की टोली वाहन पर ही नाचते-झूमते और माता का जमकर जयकारा रास्ते भर लगाते रहे. विद्या दायिनी सरस्वती माता ... जैसे नारा लगाते छोटे-छोटे बच्चों ने अपने बाल सुलभ स्वभाव से सब का मन मोहा.


**ताशा पार्टी ने जमाया रंग**

प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा में ताशा पार्टी के कलाकारों ने भी खूब रंग जमाया. कभी आड़े-तिरछा हो, कभी घुम-घुम कर तो कभी उछल-उछल कर रास्ते भर ताल से ताल मिलाते रहे, भक्तों का तो कहना ही क्या था. दिन-दुनिया से बेखबर हो जमकर झूमते-नाचते चल रहे थे.



**महिलाओं ने भी निभायी भागीदारी**

मां की विदाई में बच्चियों और महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में भागीदारी निभायी .रंग-गुलाल उते हुए खूबर नाची-झूमीं. जलाशयों के किनारे सस्वर आरती गा कर जयकारे के साथ मां को विदा किया.



## चालीसा के पहले शुक्रवार को क्रूस रास्ता में शामिल हुए कलीसिया विश्वासी

**रांची।** चालीसा काल के पहले शुक्रवार को बड़ी संख्या में मसीही विश्वासियों ने शुक्रवार को सभी गिरजाघरों में प्रार्थना की, जिनमें रांची के पुरुलिया रोड स्थित संत मरिया महागिरजा घर में आयोजित क्रूस रास्ता की विधि में भारी संख्या में कलीसिया विश्वासियों ने हिस्सा लिया. क्रूस रास्ते की विधि शुक्रवार को दोपहर 12 बजे, संध्या 4 बजे एवं 5 बजे की गई. विश्वासी कलीसिया ने क्रूस के सामने प्रार्थना की- हे यीशु, तूने हम सभी लोगों के प्रति अपने प्रेम के कारण क्रूस पर पांच घाव पाए. तूने अपने अनमोल लहू से मुझे बचाया है. मेरी सहायता कर. मेरे प्रेम के कारण तू क्रूस पर मरा, मुझे बचाया. हे मनुष्य जाति के मुक्तिदाता, सभी पापियों पर दया कर और अपनी बड़ी दया से उनके पापों को मिटा दे. इस दौरान मसीही विश्वासियों ने गिरजाघरों में निर्धारित क्रूस रास्ता की 14 जगहों पर विशेष प्रार्थना की. इन जगहों में वह स्थान, जहां यीशु को प्राणदंड की आज्ञा मिलती है, जहां यीशु के कंधे पर क्रूस लादा जाता है, जहां यीशु पहली बार क्रूस के नीचे गिरते हैं, जहां यीशु की भेंट अपनी दुखी मां से होती है. यहां सिरिनी सिमोन क्रूस ढोने में यीशु की सहायता करते हैं. जहां वेरोनिका यीशु का चेहरा पोंछती है, जहां यीशु दूसरी बार गिरते हैं, शामिल थीं.

## वृद्धाओं के बीच उपयोगी सामग्री का किया वितरण

**रांची।** गुरुवार को जेसोवा ने हेसाग स्थित अपना घर ओल्ड एज होम पहुंचकर विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया. वहां रह रही वृद्धाओं ने भोजन और अन्य उपयोगी सामग्रियां प्रकार खुशी जाहिर की. सभी वृद्धाओं ने जेसोवा के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी.

## रांची में 'जलसा' एग्जिबिशन का आयोजन



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के होटल रेडिसन ब्लू में पहली बार आयोजित जलसा एग्जिबिशन शुक्रवार को संपन्न हो गया. एग्जिबिशन में आये हुए लोगों ने जलसा के डिजाइनरों के काम को बहुत सराहा एवं उनके तैयार किए डिजाइनर लहंगा, साड़ी और सलवार-सूटों की खूब खरीदारी भी की. जलसा की ऑर्गनाइजर रेश्मा साहू एवं टिम्सी आनंद ने उपस्थित डिजाइनरों, सहकर्मियों एवं ग्राहकों का आभार व्यक्त किया. उन्होंने जलसा एग्जिबिशन की तारीफ करते हुए 3से 6 महीने के अंतराल पर इस तरह के आयोजन करते रहने को आश्वासन भी दिया.

# सिल्वर ओएके इंटरनेशनल स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम



**रांची।** सिल्वर ओएके इंटरनेशनल स्कूल में सरस्वती पूजा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किया. मुख्य अतिथि में पंचायत समिति के सदस्य लालचंद सोनी, विशिष्ट अतिथि आरएसएस संघ के संचालक लाल अश्विनी कुमार नाथ शाहदेव, समाजसेवी निरंजन कुमार शामिल थे. स्कूल के प्रबंधक ओम प्रकाश सिंह, प्राचार्या अर्चना प्रकाश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मोमेंटो से सम्मानित किया. सफल बनाने में शिक्षिका दीक्षा वैभव, काजल कुमारी, पल्लवी मित्रा शामिल हैं. संचालन शिक्षिका सुलोचना शाहदेव ने किया. कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित होनेवाले बच्चों में हिमेश, हितेश, आर्यन, शिवम, विराट, कृष्णा, नउखू , अनीका, स्वरा, वेडीहा, सान्वी, मौर्य, इप्सा, प्राची, प्रज्ञा, माही छोटी, दक्षा, जोई, अनन्या, रंजन शामिल हैं.

# डीएवी स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल में नि:शक्त बच्चों संग सह शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता। रांची

डीएवी स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल, विद्यानगर, हरमू परिसर में निःशक्त बच्चों की संस्थान कोशिश के संयुक्त तत्वावधान में सह शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया. कोशिश विकलांग संस्थान, अरगोड़ा के साथ ही डीएवी स्वर्णरेखा के छात्र-छात्राओं ने सम्मिलित रूप से चित्रकला, गायन, नाटक एवं खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया.

इस अवसर पर कोशिश के छात्रों द्वारा बने उत्पाद बैग, प्लेट, रुई-बत्ती आदि की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई. इस अवसर पर डीएवी स्वर्णरेखा की प्राचार्य डॉक्टर मंजू सिंह एवं सचिव डॉक्टर गंगेश गुंजन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों के आत्मविश्वास में



वृद्धि के साथ विकलांग छात्रों को मुख्य शिक्षा धारा में आने में बल मिलता है. अतः संस्थान वर्ष में एक बार ऐसा कार्यक्रम अवश्य करेगी. कोशिश संस्थान के पदाधिकारी एवं विकलांग बच्चों के अभिभावकों ने भी अपने विचार व्यक्त किये, जिसमें जया शुक्ला ने स्वर्णरेखा संस्थान एवं विद्यालय के शिक्षकों सहित छात्रों को भी इस कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया.

**महिला सशक्तीकरण**

## शहरी आजीविका मिशन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

# महुआ ने रांची में लिया आजीविका मिशन का जायजा

संवाददाता। रांची

भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय (महुआ) एवं शहरी प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में शहरी आजीविका पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला शुक्रवार को संपन्न हुई. इस क्रम में महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने और सामुदायिक जुड़ाव बढ़ाने की दिशा में आवास और शहरी मंत्रालय ने विक्रेता बाजार, सामुदायिक आजीविका केंद्र (सीएलसी) का दौरा किया और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के साथ बातचीत की.



**समुदाय के साथ सहयोगात्मक प्रयास जरूरी है**

कार्यशाला में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के संयुक्त सचिव राहुल कपूर ने मजबूत संरचनात्मक संस्थानों के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में गरीब महिलाओं के आजीविका विकास और सशक्तिकरण का समर्थन करने की आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने झारखंड में अतिरिक्त बाजार स्थापित करने की तैयारी पर चर्चा की तथा कहा कि शहरी क्षेत्रों में आर्थिक रूप से वंचित महिलाओं का समर्थन करना उनकी आजीविका के विकास और मजबूत संस्थागत ढांचे के माध्यम से सशक्तीकरण के लिए आवश्यक है. स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के अवसरों को आगे बढ़ाने के लिए समुदाय के साथ सहयोगात्मक प्रयास जरूरी है.

**महिला स्वयं सहायता समूहों के समग्र विकास की प्रतिबद्धता**

नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल, नगर प्रशासन निदेशालय के निदेशक आदित्य कुमार आनंद ने दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने और महिला स्वयं सहायता समूहों और गली-मोहल्लों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की. कार्यशाला में स्ट्रीट विक्रेता, महिलाओं के नेतृत्व वाली शहरी आजीविका, नौकरियों और उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए रणनीतियों को सक्षम करने पर केंद्रित था. कार्यशाला में चर्चा शहरी क्षेत्रों में उभरते क्षेत्रों, महिलाओं की भागीदारी के लिए चुनौतियों और अवसरों और मौजूदा नीतियों और योजनाओं का लाभ उठाने के इर्द-गिर्द घूमती रही. महिलाओं के नेतृत्व वाली शहरी आजीविका का समर्थन करने के लिए प्रभाव बांड जैसे नवीन वित्तीय साधनों की क्षमता का भी पता लगाया गया.

## रांची विवि के पूर्व वीसी प्रो. लाल चंद्र चूड़ामणि नाथ शाहदेव की पत्नी का निधन



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति स्व लालचंद्र चूड़ामणी नाथ शाहदेव की धर्मपत्नी तृप्ति कुमारी देवी का शुक्रिरवार तड़के रिम्स में निधन हो गया. वे लंबे अरसे से बीमार चल रही थीं. तृप्ति कुमारी देवी अपने पीछे पांच पुत्र, पुत्रवधू सहित आठ पोते-पोतियों का भरा-पूरा छोड़ गयी हैं. शुक्रवार को उनकी अंतिम यात्रा किशोरगंज चौक स्थित आवास से निकली. उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार हरमू मुक्तिधाम में दोपहर 1 बजे किया गया.

**ब्रीफ खबरें**

## अखिल झारखंड छात्र संघ का राजभवन के समक्ष प्रदर्शन आज

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच समेत अन्य मांगों को लेकर अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) कल दिनांक 17 फरवरी 2024 को राजभवन के समक्ष प्रदर्शन करेगा. इस प्रदर्शन में आजसू के समस्त जिलों के कार्यकर्ताओं के साथ हजारों की संख्या में छात्र और अभ्यर्थी शामिल होंगे. आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने बताया कि कल छात्रों के साथ पैदल मार्च करते हुए मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका से कचहरी होते हुए राजभवन पहुँच कर प्रदर्शन की शुरुआत होगी.

## धूमधाम से मनाया गया सूर्य सप्तमी समारोह

**रांची।** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा रांची के तत्वावधान में शुक्रवार को सूर्य सप्तमी समारोह मनाया गया. सरोवर नगर देवी मंडप रोड स्थित सूर्य मंदिर सह भास्कर भवन में भगवान सूर्यदेव का पूजन हुआ. यजमान की भूमिका में पल्लव नटराज व वंदना मिश्रा सपत्नीक एवं पुरोहित की भूमिका में पंडित कृष्णकांत पाठक थे. वार्षिक अधिवेशन की अध्यक्षता अमिताभ कुमार पांडेय ने की. वर्ष 2024-26 के नयी कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ. विभाकर मिश्र अध्यक्ष, दिग्विजय पाठक व उमाकांत मिश्र उपाध्यक्ष, आचार्य मिथिलेश कुमार मिश्र मंत्री, श्रीमती इन्दु मिश्र व अरविन्द कुमार मिश्र सह-मंत्री, शशिभूषण मिश्र संगठन मंत्री, संजय कुमार पाठक कोषाध्यक्ष, मनोज कुमार पुटू मीडिया प्रभारी चुने गए.

## सांसद ने 50 महिलाओं को दी सिलाई मशीन

**रांची।** सन्मार्गम फाउंडेशन द्वारा संचालित सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड की सीएसआर मद से स्वरोजगार से महिलाओं की आजीविका सृजन के लिए सिलाई रेडीमेड वस्त्र निर्माण संबंधित प्रशिक्षण का 50 एससी/एसटी महिलाओं को सिलाई मशीन एवं प्रमाण पत्र का वितरण सांसद संजय सेठ ने किया. उन्होंने संस्था के कार्य को सराहा और सहयोग की बात कही. संस्था के अध्यक्ष रोशन कुमार तथा सचिव सिद्धार्थ त्रिपाठी ने भी विचार रखा. मौके पर उपाध्यक्ष सुब्रत बारिक, जनहित संस्कृति कला केंद्र के सचिव चंदन मिश्रा, सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड के उपहार, रश्मि कुमारी, हेड ट्रेनर रेनू पॉल, मो नूर, रूपा गुप्ता, कंचन गुप्ता आदि महिलाएं शामिल थीं.

## धूमधाम से मनेगा दुर्गा मंदिर का वार्षिकोत्सव

**रांची।** दुर्गा मंदिर, रातू रोड का 37वां वार्षिकोत्सव इस बार भी धूमधाम से मनाया जायेगा. इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है. मंदिर की साज-सज्जा के साथ स्टेज सजाने के काम को कारिगर अंतिम रूप देने में जुटे हैं. रविवार को उत्सव की शुरुआत सुबह मां के भिषेक-पूजन और श्रृंगार से होगी. गणपत्यादी देवताओं आदि का पूजन किया जायेगा. इसके बाद दिन के नौ बजे गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जायेगी. इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे. यात्रा मंदिर से निकल कर राणी सती मंदिर लेन, पहाड़ी मंदिर रोड, गाड़ीखाना चौक,जेजे रोड, शहीद चौक से मुड़कर गांधी चौक, महावीर चौक के रास्ते न्यू मार्केट चौक, रातू रोड होते हुए आयोजन स्थल पहुंच कर संपन्न होगी. दूसरे दिन 19 फरवरी को सुबह साढ़े आठ बजे दैनिक पूजन-आरती के बाद माता रानी की विशेष पूजा-अर्चना की जायेगी.

**न्यूज अपडेट**

## डीएवी हेहल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल की प्राथमिक शाखा में शुक्रवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी खेलगांव के प्रशासनिक पदाधिकारी स्वनामधन्य मुकुल टोप्पो थे. अरविंद कुमार अमरेश ने शॉल देकर किया अतिथि का स्वागत किया. मुकुल टोप्पो ने बच्चों को उत्साहित करते हुए कहा कि यही उम्र है जिसमें हम बच्चों की प्रतिभा को देखकर उन्हें सही दिशा दे सकते हैं. विद्यार्थी जीवन में खेलों का महत्व अधिक होता है. खेलों में भाग लेने से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास भी होता है. साथ ही उन्होंने हरसम्भव खिलाड़ियों की मदद करने की बात कही.

## मां बाप का प्यार बच्चों के लिए बेमिसाल : तहजीबुल



**रांची।** अंसार नगर स्थित मस्जिद ए जाफरिया में ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के अध्यक्ष मस्जिद ए जाफरिया के इमाम व खतीब मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी की वालदा (मां) हसनैनी बीबी की बरसी के मौके पर मजलिस का आयोजन किया गया. मौके पर मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि इंसान की जिंदगी में कई मोड़ आते हैं, कई दोस्त और सहयोगी भी मिलते हैं, लेकिन जो कोई आप से प्यार करता है, वह लोभ के कारण करता है. लेकिन मां-बाप अपने औलाद से बिना किसी लालच के बेपनाह प्यार करते हैं. मां-बाप को अपने बच्चों की हर वक्त फिक्र रहती है, बच्चे जब घर से निकलते हैं, जब तक वापस घर आ नहीं जाते मां बार बार दरवाजे पर उनका इंजतार करती है.

## 468 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की सेवा संपुष्टि



**रांची।** उपायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला शिक्षा स्थापना समिति राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक हुई. जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला शिक्षा अधीक्षक रांची मिथलेश केरकेट्टा एवं जिला शिक्षक स्थापना समिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे. बैठक में शिक्षक स्थानांतरण के लिए टीचर ट्रांसफर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदनों पर विचार करते हुए विभागीय निर्देश के आलोक में संबंधित योग शिक्षकों का स्थानांतरण करने पर विचार किया गया. इसके साथ बैठक में वर्षों से रांची जिला में कार्यरत 468 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की सेवा संपुष्टि एवं शिक्षा स्थानांतरण जैसे मामलों पर आवश्यक दिशा-निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया.

## ब्रीफ खबरें

### भाजपा ने सोनाहातू क्षेत्र में चलाया गांव चलो अभियान

**सोनाहातू ।** प्रखंड के गलउ पंचायत के बूथ 210,211,212 220,221,222 ढूंगरुडीह ,सारेयाद, दीडसीर,जामुदाग गांव में गांव चलो अभियान चलाया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोनाहातू प्रवास प्रभारी सह प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने ग्रामीणों के बीच केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताये. मौके पर मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोईरी,परीक्षित मंडल, उपेंद्र कुमार चौधरी, बंशीधर मछुआ, खगेश कुमार गेंदाराम महतो , डोमन मुंडा राजू मुंडा ज़ नरोत्तम महतो, नीलरतन पंचानन, आदि मौजूद थे.

### बचरा पंचायत में आज लगेगा रोजगार मेला

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उतरी पंचायत में आज मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत निःशुल्क प्रशिक्षण एवं रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा.इस कार्यक्रम में 18 वर्ष से 35 वर्ष तक के युवक एंव युवती का आवेदन जमा लिया जाएगा. सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने बताया कि बचरा उतरी पंचायत सचिवालय बचरा बस्ती मे सुबह दस बजे से एक बजे तक और बचरा काली मन्दिर स्थित मिडिल स्कूल में दोपहर दो बजे से चार बजे तक रोजगार मेला सह शिविर का आयोजन किया जाएगा.

### मारांगकिरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सोनाहातू।** मारांगकिरी फुटबॉल मैदान में शुक्रवार को शाम 5 बजे से यंग स्टार सरस्वती पूजा समिति मारांगकिरी-चरकुडीह की ओर से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कलाकार चापा कुसुम झूमर धमाका राजपाड़ा,बिनपुर,झाड़ग्राम से आये गायक खुकूमनी महतो ने अपने साथियों के साथ अनेकों प्रकार के झूमर गीत एवं पांता नाच से समा बंधा . जमशेदपुर से आये रघु बूगीबूगी डांस ग्रुप ने विभिन्न डांस किये.सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुभद्रा देवी, हिकिम महतो, अशोक महतो, विश्वनाथ महतो, गोपाल पुरान आदि उपस्थित थे.

### ग्रामीणों ने किया सोनाहातू प्रखंड कार्यालय का घेराव

**सोनाहातू ।** प्रखंड के बारुहातू पंचायत के पंचायत जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर के मनमानी के खिलाफ गोलबंद होकर बारूहातू उपमुखिया बीणापानी देवी व पंचायत समिति सदस्य रायमनी देवी के संयुक्त नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए डीसी के नाम पर ज्ञापन सौंपकर जांच कर कार्रवाई की मांग किया.ग्रामीणों ने कहा कि स्थानीय आपरेटर मनमानी तरीके से अबुआ आवास योजना, पेंशन योजना,मृत्यु एवं जन्म प्रमाण पत्र देने का कार्य किया जा रहा है.

### बंद का समर्थन किया रोड जाम, नारेबाजी

**सोनाहातू/राहे।** संयुक्त किसान मोर्चा एवं ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा के ग्रामीण भारत बंद व औद्योगिक हड़ताल आव्हान पर ग्रामीण भारत बंद को लेकर किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने राहे - सिल्ली सड़क को सुबह 6 बजे से 4 बजे तक जाम रखा. हालांकि छोटे वाहनों को आने जाने की छूट थी. व्यापारीक और बड़े यात्री वाहन को रोक रखा जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई. किसान सभा के सुफल महतो के नेतृत्व में ढूंगरडीह गांव के समीप सड़क जाम किया गया था. इधर सोनाहातू बाजार के सामने किसान सभा ने सुबह से 11 बजे तक जाम किया गया.

### सिल्ली-मुरी में मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन हुआ

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली बजार स्थित न्यू स्टुडेंट क्लब के सरस्वती पूजा पंडाल में शुक्रवार को महाभोग हलवा का वितरण किया गया. इसके बाद पुजारी विनय चक्रवर्ती द्वारा पुजा एवं आरती के पश्चात मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन श्रद्धा और भक्ति के साथ कर दिया गया. इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने महाभोग ग्रहण करने के बाद संध्या बेला में मां सरस्वती को अंतिम विदाई दी. कार्यक्रम के सफल आयोजन में बंटी गुप्ता, किशन आश, तनोज लाहा, ज्योति साव, विष्णु साव, अनिल साव, पुनम केशरी, राजा चौधरी, राकेश चौधरी समेत स्थानीय युवाओं का सराहनीय योगदान रहा.

---

#### सिल्ली कॉलेज और आदर्श उवि छोटा मुरी में लगी खुशी क्लास

# सकारात्मकता को साथी बनायें, जो चाहें पा लेंगे : चौहान

**संवाददाता। सिल्ली**



सिल्ली कॉलेज और आदर्श उवि छोटा मुरी में शुक्रवार को खुशी क्लास का आयोजन हुआ. सिल्ली कॉलेज में संचालन प्राचार्य अनंत प्रसाद महतो और विषय प्रवेश इतिहास के व्याख्यता विश्वेश्वर मुंडा ने किया. जबकि आदर्श उवि में संचालन प्राचार्या पुष्पा महतो व विषय प्रवेश अनिता नायक ने किया. लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को संबोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि परीक्षा में प्राप्त अंक को कभी भी तनाव में नहीं लें. चौहान ने बताया कि सकारात्मकता के गर्भ से खुशी जन्मती है. खुश रहकर ही आप मंजिल को पा सकते हैं, जिंदगी जिंदादिली के साथ जी सकते हैं. इसका कोई विकल्प है ही नहीं. तनाव क्रोध के रूप में बाहर निकलकर हमारे व्यक्तित्व को तहस-नहस कर देती है. तनाव में कोई भी मंजिल पा ही नहीं सकते. इसलिए खुशी के साथ सकारात्मकता को हथियार बना मंजिल फतेह कीजिए. चौहान ने सकारात्मकता से सजी कहानी भी सुनाई- एक हथौड़ा छोटी सी चाबी से पूछा- आखिर तुम्हारे अन्दर ऐसी कौन सी शक्ति है जो तुम जिद्दी तालों को भी बड़ी आसानी से खोल देती हो, जबकि मैं इतना बलशाली होते हुए भी ऐसा नहीं कर पाता. चाबी बोली- तुम तालों को खोलने के लिए उसपर प्रहार करते हो. ऐसा करने से ताला खुलता नहीं टूट जाता है. जबकि मैं ताले को बिलकुल भी चोट नहीं पहुंचाती. उसके मन में उतर कर उसके ह्रदय को स्पर्श करती हूँ और फिर निवेदन करती हूँ, वह फ़ौरन खुल जाता है. लब्बोलुआब यह, यदि हम किसी को सचमुच जीतना चाहते हैं तो हमें उस व्यक्ति के ह्रदय में उतरना होगा. कार्यक्रम के अंत में चौहान ने कॉलेज और स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि कभी भी कोई तनाव से सम्बंधित मामला आए, खुशी क्लास से जरूर संपर्क करें. निःशुल्क हर संभव मदद दी जाएगी.

---

#### सिल्ली में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ, स्कूली बच्चों के खिले चेहरे

# बच्चों की शिक्षा में गुणात्मक बदलाव होगा : सुदेश महतो

**संवाददाता। सिल्ली/मुरी**



पढ़ेगा सिल्ली बढ़ेगा सिल्ली अभियान के तहत विधायक सुदेश कुमार महतो ने शुक्रवार को प्रस्तावित उच्च विद्यालय लोटा में फीता काटकर स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया.इस दौरान प्रधानाध्यापिका पार्वती कुमारी की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया. सभा को सम्बोधित करते हुए विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि विद्यालय में अब बच्चों का स्मार्ट क्लास से डिजिटल पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध होगी. आईआईटी कानपुर के पूर्ववर्ती छात्रों के संस्था स्कूल लिंक स्मार्ट क्लास का संचालन करेगी. जिससे ग्रामीण क्षेत्र में भी स्कूली बच्चों का भविष्य बदलेगा और शिक्षा में भी गुणात्मक बदलाव होगी. स्मार्ट क्लास के संचालन से अब स्थानीय छात्र भी आधुनिक शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे. जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में स्मार्ट क्लास एक अच्छी पहल है. इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को मनोरंजन के साथ बेहतर तरीके से विभिन्न विषयों की जानकारी दी जा सकेगी. यह योजना छात्र-छात्राओं के लिए वरदान साबित होगी. वहीं उन्होंने कहा शिक्षा में बिल्ली को बेहतर बनाने के लिए निशुल्क बस सेवा, निशुल्क कोचिंग, निशुल्क लाइब्रेरी समेत कई कार्यक्रम की तैयारी है.

**स्कूली बच्चों में खुशी का माहौल :** स्मार्ट क्लास शुरू होने से स्कूली बच्चों में खुशी का माहौल देखा गया. सभा को बीडीओ रेणु बाला, बीईईओ विमल कांत झा एवं स्कुल लिंक के परशुराम कुमार ने भी सम्बोधित किया. इस दौरान स्कूल के छात्र द्वारा पाइक नृत्य एवं छात्राओं का संस्कृत नृत्य उपस्थित अतिथि एवं दर्शकों का मन मोह लिया. कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक परीक्षित महतो ने किया. मौके पर गूंज के संयोजक जयपाल सिंह,प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, बीपीओ मनोज कुमार, जेएसपीएल के बीपीएम अमिता राहिल टुटी, पुर्व मुखिया डबलु महली, पुर्व उपमुखिया जगदीश चंद्र महतो, त्रिलोचन महतो, शिव शंकर प्रसाद, तरुण महतो, विद्यालय के दिलीप कुमार, कुमारी सरला महतो, कुमारी रुबी, भवेश राम महतो, परीक्षित महतो, पंकज कुमार महतो, धनंजय महतो, जितनी कुमारी, राजेश कुमार महतो, गणेश मुंडा, रोहित कुमार महतो, अपर्णा तंतु बाई, कृष्ण चंद्र महतो, संदीप कुमार महतो समेत अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित थे.

### विधायक ने 6.8 किमी सड़क का किया शिलान्यास

**सोनाहातू।** विधायक सुदेश महतो ने शुक्रवार को सोनाहातू प्रखंड के तेतला गांव में सड़क निर्माण कार्य का आधारशिला रखी . प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत जाड़ेया-तेतला-पतराहातू तक 6 .8 किलोमीटर सड़क का निर्माण 5 करोड़ 50 लाख से बनाया जायेगा .इस दौरान विधायक निधि से जिन्तुडीह गांव में 4 लाख 18 हजार से 300 फीट निर्माण कार्य तथा वनडीह गांव में 4 लाख 18 हजार की लागत से पीसीसी सड़क का शिलान्यास किये . शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक सुदेश महतो ने कहा कि गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य पर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है . शिक्षा को लेकर हाई स्कूल और मिडिल स्कूल में स्मार्ट क्लास, स्टूडेंट्स बस सेवा,लाइब्रेरी, आदि की सुविधा दिया जा रहा है . स्वास्थ्य को लेकर हर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र को विकसित किया जा रहा है . हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है .प्रखंड के सभी जर्जर सड़क का मरम्मत किया जायेगा . गांव में राजनीतिक जागरूकता लाने का काम किया गया है .

### अबुआ आवास योजना की सूची को लेकर असंतोष

**सोनाहातू/राहे।** सरकार की अबुआ आवास योजना को लेकर सोनाहातू और राहे प्रखंड में उबाल मचा हुआ है. ग्रामप्रधान, पंचायत जनप्रतिनिधियों और आम जनता अबुआ आवास योजना के सूची को लेकर कभी असंतोष है. ग्रामप्रधान का कहना है कि जो सूची ग्रामसभा से दिया गया है उसकी प्राथमिकता नही दिया गया है. जनप्रतिनिधियों के आरोप है कि सूची कैसे बना जानकारी नही दिया गया है. आम जनता का आरोप है कि संपन्न लोगों का प्राथमिकता दिया गया है. अबुआ आवास योजना को लेकर राहे प्रमुख लीलमनी देवी के नेतृत्व प्रखंड मुख्यालय में धरना दिया गया. धरना के बाद मांग पत्र बीडीओ को सौपा गया. इधर सोनाहातू प्रखंड के बारुहातू पंचायत सचिवालय में ग्रामप्रधान संघ ने बैठक किया.

### बचरा साइडिंग के मजदूरों की बेमियादी हड़ताल शुरू

**पिपरवार ।** बचरा साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों ने विभिन्न मांगों को लेकर मजदूरों हड़ताल शुरू कर दिया है. वेतन कटौती के खिलाफ और न्यूनतम मजदूरी दिए जाने की मांगों को लेकर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में बचरा साइडिंग में कार्यरत सभी असंगठित मजदूर हड़ताल पर चले गए हैं.बचरा साईडिंग के ऑपरेटर,मुंशी, लेबलिंग व हेल्पर मजदूरों के हड़ताल पर जाने के कारण बचरा साइडिंग में रैक लोडिंग व डिस्पैच का कार्य पूरी तरह से बन्द हो गई है,मौके पर चमन महतो,बिजली महतो, दिलीप कुमार चौधरी,मुंशी महतों, सुरेश गोप, लटन महतो,चंद्र देव ठाकुर,मुनेशर महतो, मानकू महतो, कैलाश महतो, गणेश महतो, जयशंकर चौधरी, त्रिलोकी महतो, चैता महतो,लूटबरण महतो, गोबर्धन महतो, भोला महतो, कोलेश्वर ठाकुर आदि मौजूद थे.

---

## बंद का डकरा एनके एरिया में नहीं दिखा कोई प्रभाव



**संवाददाता। डकरा**

विभिन्न ट्रेड यूनियनों एवं राजनीतिक दलों द्वारा शुक्रवार को एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल का एनके एरिया में कोई असर नहीं देखा गया. एरिया के सीसीएल के कोयला खदानों एवं कार्यालयों में आम दिनों की तरह काम काज चालू रहा. कोयला उत्पादन और संप्रेषण भी में भी कोई फर्क नही देखा गया. एनके प्रबंधन के आंकड़ों के अनुसार 1.5 प्रतिशत कामगार हड़ताल में रहे वही एरिया के हड़ताल समर्थित ट्रेड यूनियनों ने हड़ताल में 20 प्रतिशत बताया. सीटू के शैलेश कुमार ने एक बयान जारी कर कहा कि सीटू और एटक यूनियन को छोड़कर किसी भी युनियन का नेता या मजदूर हड़ताल पर नही रहे. सीटू व एटक के नेतृत्व में डकरा परियोजन के मजदूरों ने पहली पाली में एक प्रतिरोध रैली निकाली जो डकरा पीओ कार्यालय तक पहुंचकर समाप्त हुआ. इन दोनों यूनियनों के प्रतिनिधियो ने एनके एरिया के डकरा केडीएच,पूर्णाडीह एवं रोहिणी परियोजनाओं में जाकर हड़ताल के लिए मजदूरों से अपील करते नजर आये. अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के मंत्री सदस्य सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य सीसीएल मनोज कुमार रजक ने बयान जारी कहा कि यह हड़ताल राजनीति से प्रेरित था.

### पिपरवार में हड़ताल का नहीं दिखा असर

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में आज राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल और औद्योगिक हड़ताल को लेकर भारत बंद पुरी तरह से विफल रहा . कोयलांचल क्षेत्र के अशोक परियोजना, सीएचपी/ सीपीपी परियोजना क्षेत्र में आम दिनो की तरह कार्यालय में कामगारो की उपस्थिति सामान्य रही , वही कोयला उत्पादन संप्रेषण और ट्रांसपोर्टिंग का कार्य अन्य दिनो की भांति निरंतर जारी रहा साथ ही पिपरवार क्षेत्र से राजघर साइडिंग और आरसीएम रेलवे साइडिंग से रेलवे रैक के माध्यम से देश के अन्यत्र पावर प्लांटो में भेजे जाने वाले कोयला परिवहन का कार्य निर्विघ्न जारी रहा . भारत बंद के दौरान एटक युनियन के इक्के दुक्के कार्यकर्त्ता ही भारत बंद के समर्थन में एकजुट दिखे . इसके बावजुद भी बंद कराए जाने में असफल रहे . इधर दूसरी और एटक के नेतृत्व में असंगठित मजदूरो का वेतन वृद्धि की मांगो को लेकर बचरा साइडिंग में अनिश्चितकालीन बंद का कोयले की रैक लोडिंग में व्यापक असर पड़ा .

## भारत बंद के समर्थन में कांग्रेस नेता उतरे सड़क पर, किया मार्च



**संवाददाता। अनगड़ा**

देश के अन्नदाताओं द्वारा भारत बंद के आह्वान के समर्थन में शुक्रवार को प्रखंड कांग्रेस ने अनगड़ा में सांकेतिक विरोध करते हुए पैदल मार्च किया. पैदल मार्च के दौरान कांग्रेसियों ने किसानों के सम्मान में कांग्रेस है मैदान में, हर जोर जुल्म के टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है, जय जवान जय किसान, नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद आदि नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया. वक्ताओं ने कहा कि जब पिछली बार किसान तीन काले कानून को लेकर धरना दे रहे थे तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे माफी मांगते हुए कहा था कि मैं तीनों कानून वापस लेता हूं. न्यूनतम समर्थन मूल्य की समस्या का समाधान निकालने के लिए जल्द ही एक कमिटी बनेगी. आज इन बातों को दो साल से ऊपर हो गये. कोई कमिटी नही बनायी गयी. पैदल मार्च में विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा, मंडल अध्यक्ष बरतु मुंडा, एतवा उरांव, सरिता देवी, साकिर अंसारी, शिवदास गोस्वामी, सिद्दीक अंसारी, साहिल लोहरा, छोटेलाल महतो, समीम खान, जॉन तिग्गा, कृष्णा महली, सुबोध बेदिया, संगीता कैथा, अनिता देवी, ममता देवी व मीडिया प्रभारी कुलेश्वर मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे.

---

**आस्था** | बेड़ो प्रखंड के दिघिया गांव में दुर्गा मंदिर निर्माण के लिए विधि-विधान से भूमि पूजन

# हर नागरिक को आध्यात्मिक चिंतन की जरूरत : जगन्नाथ भगत

**सुनील कुमार गुप्ता। बेड़ो**



बेड़ो प्रखंड के दिघिया गांव में गोरिया गड़हा नामक स्थान पर दुर्गा मंदिर निर्माण के लिए जगन्नाथ भगत के पहल एवं देखरेख में भूमि पूजन किया गया. इस मौके पर दर्जनों महिलाओं एवं गांव के पुरुषों ने भूमि पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया. भूमि पूजन के दौरान विधिवत झंडा गाड़कर पूजा अर्चना की गई. वेद मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान का आयोजन किया गया. इस मौके पर परना साहु, अनिल कुमार साहु, शांति देवी, गौरी शंकर साहु, ज्योति गुप्ता, शकुंतला देवी, राधा देवी, विनोद गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, रीना देवी, चिरंजीवी देवी, संतोषी देवी, सुमंती देवी, कृष्णा साहु, चांदनी देवी, फुलेश्वरी देवी, बबीता देवी, सविता देवी, सुकरमणी कुमारी, फुलेश्वरी देवी सहित कई लोगों ने धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लिया.

इस मौके पर मंदिर निर्माण के लिए तुलसी का पौधा लगाकर तथा बजरंगबली का झंडा स्थापित कर विधिवत भूमि पूजन किया. इस मौके पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष जगन्नाथ भगत ने कहा कि बिना आध्यात्मिक ज्ञान के मनुष्य का जीवन अधुरा है. देश के हर नागरिक को आध्यात्मिक चिंतन करने की जरूरत है. जब हम आध्यात्म की ओर अग्रसर होंगे तब हमारे अंदर के विचारों की मलिनता स्वच्छ होगी और हमारे अंदर का विकार नष्ट होगा. आध्यात्मिकता से हमें नई ऊर्जा मिलती है. वहीं अनिल कुमार साहु ने कहा कि मंदिर की स्थापना से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का भाव उत्पन्न होगा और समाज में परिवर्तन देखने को मिलेगा. गौरी शंकर साहु ने कहा कि 32 वर्षों के बाद गांव में एक नई चेतना का संचार हुआ है. यहां की महिलाएं पूजनीय हैं जिन्होंने हमें अच्छा मार्ग दिखाया है. कार्यक्रम के दौरान सर्वपति देवी, विनोद साहु, बुधन देवी, राधा देवी सहित दर्जनों लोग मौके पर मौजूद थे.

**खास बातें**

- गांव की महिलाओं एवं पुरुषों ने भूमि पूजन में हिस्सा लिया
- जगन्नाथ भगत की देखरेख में सभी धार्मिक अनुष्ठान हुए

---

# खान विभाग में 49 डीएमओ सहित भूतत्ववेत्ता किये गये इधर से उधर

**रांची ।** खान विभाग ने शुक्रवार की देर शाम जिला खनन पदाधिकारियों के साथ भूतत्ववेत्ताओं का तबादला कर दिया है. विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है.

| नाम | कहां गए |
|---|---|
| शंकर कुमार सिन्हा | उप निदेशक, खान, दुमका, अतिरिक्त प्रभार |
| गोपाल कुमार दास | प्रभारी उप निदेशक, खान, हजारीबाग |
| कृष्ण कुमार किस्कू | प्रभारी उप निदेशक, खान, कोल्हान |
| संजीव कुमार | प्रभारी उप निदेशक, खान, खान निदेशालय, रांची |
| अजीत कुमार | जिला खनन पदाधिकारी, हजारीबाग |
| मनोज टोप्पो | प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी,चतरा |
| राजेश कुमार | सहायक खनन पदाधिकारी, अपर निदेशक, खान |
| निशांत अभिषेक | प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी, रामगढ़ |
| मेघलाल टुडू | प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी, चाईबासा |
| नितेश कुमार गुप्ता | प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी, पाकुड़ |
| मो . नदीम सफी | प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी, लातेहार |
| सन्नी कुमार | प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी गोड्डा |
| सतीश कुमार नायक | सहायक खनन पदाधिकारी, जिला खनन कार्यालय, जमशेदपुर |
| महेन्द्र प्रसाद | प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी, सिमडेगा |
| प्रदीप कुमार साह | सेवा झारखंड राज्य खनिज विकास निगम |
| विभूति कमार | प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी, गुमला |
| राम नरेश सिंह | प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी, खूंटी |
| राजेश कुमार पांडेय | प्रभारी उप निदेशक, भूतत्व, भूतत्व निदेशालय, रांची |
| अमरेन्द्र कुमार | प्रभारी उप निदेशक, भूतत्व, भूतत्य निदेशालय, रांची |
| ललित कुमार | प्रभारी उप निदेशक, भूतत्व, दक्षिणी छोटानागपुर अंचल, रांची |
| कुमार अमिताभ | प्रभारी उप निदेशक भूतत्व, भूतत्व निदेशालय |
| राजेन्द्र उरांव | प्रभारी सहायक निदेशक जिला भूतात्विक कार्यालय, डाल्टेनगंज |
| करूण कुमार चन्दन | सेवा झारखंड राज्य खनिज विकास निगम |
| अब्बु हुसैन | जिला भूतात्विक कार्यालय, रांची |
| कुणाल कौशल | प्रभारी सहायक निदेशक, जिला भूतात्विक कार्यालय, साहेबगंज |
| विश्वजीत पवार | जिला भूतात्विक कार्यालय, बोकारो |
| नाजिश राणा | जिला भूतात्विक कार्यालय, दुमका |
| अनिमा खेस | भूतत्व निदेशालय, रांची |
| जया केरकेट्टा | जिला भूतात्विक कार्यालय, गुमला |
| राकेश रोशन पन्ना | जिला भूतात्विक कार्यालय, लातेहार |
| रितेश राज तिग्गा | दक्षिणी छोटानागपुर अंचल, रांची |
| ज्योति शंकर सतपथी | जिला भूतात्विक कार्यालय, सरायकेला-खरसावां |
| रीना कुमारी ओडेया | जिला भूतात्विक कार्यालय, रांची |
| निरल धान | जिला भूतात्विक कार्यालय, लोहरदगा |
| सुभाष रविदास | जिला भूतात्विक कार्यालय, देवघर |
| विपिन सुशात गुड़िया | जिला भूतात्विक कार्यालय, पूर्वी सिंहभूम |
| जितेन्द्र प्रसाद | भूतत्ववेत्ता भूतत्व निदेशालय, रांची |
| रिपन प्रभात | भूतत्व निदेशालय, रांची |
| सर्वेश | भूतत्व निदेशालय, रांची |
| धर्मेन्द्र कुमार मेहता | सेवा झारखंड राज्य खनिज विकास निगम |
| अनुभा तिग्गा | जिला भूतात्विक कार्यालय, चाईबासा |
| सतीशचंद्र सिंह | जिला भूतात्विक कार्यालय, पलामू |
| आशीष कच्छप | जिला भूतात्विक कार्यालय, चाईबासा |
| विवेकानन्द झा | दक्षिणी छोटानागपुर अंचल, रांची |
| सौरभ कुमार पाल | दक्षिणी छोटानागपुर अंचल रांची |
| संजीव कुमार | सेवा झारखंड अन्वेषण एवं खनन निगम |
| मिथिलेश कुमार | जिला भूतात्विक कार्यालय, कोडरमा |
| नन्द किशोर भोक्ता | जिला भूतात्विक कार्यालय, पूर्वी सिंहभूम |
| केशव कुमार पाठक | झारखंड अन्वेषण एवं खनन निगम |

## न्यूज अपडेट

### तमाड़ में लाभुकों के चयन में अनियमितता का आरोप

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के 23 पंचायत में आबुआ आवास योजना के तहत योग्य लाभुकों का चयन करने में घोर लापरवाही बरती गयी है. योजना का लाभ वैसे लोगों को दिया जा रहा है. जो पूर्व में लाभ प्राप्त कर चुका है. जिनका पहले से पक्का मकान है. वैसे योग्य लाभुकों को योजना का लाभ से वंचित किया जा रहा है. जो कच्चा मकान टूटे फूटे झोपड़ी पर प्लास्टिक लगाकर जीवन बिता रहे हैं. एक तरफ सरकार ग्राम सभा से योजना और लाभुक चयन की बात करती है. लेकिन अबुवा आवास योजना चयन में ग्राम सभा की भूमिका को दर किनार कर बाबुओं ने अपने हिसाब से अयोग्य लाभुकों चयन कर सूची जारी कर दिया है.

### सहियायों के आंदोलन को आजसू नेता ने दिया समर्थन

**कांके।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांके में सहिया साथियों का धरना प्रदर्शन आज तीसरे दिन भी जारी रहा. सहिया स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजीत कुमार को अभिलंब केंद्र से हटाया जाए. क्योंकि इनके द्वारा यहां पदस्थापित स्वास्थ्य कर्मियों और सहिया साथियों के साथ अभद्र व्यवहार, मानसिक प्रताड़ना और आर्थिक शोषण किया जाता है. डा अजीत कुमार को हटाने की मांग को लेकर सहिया साथियों का एक प्रतिनिधिमंडल आज सिविल सर्जन रांची डा प्रभात कुमार से भी मिला. सहीया साथियों द्वारा किए जा रहे आंदोलन को आजसू नेता सह समाजसेवी तनवीर आलम ने भी अपना समर्थन दिया है.

### जंगली हाथियों ने फसलों को बर्बाद किया

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के ईटा पंचायत अन्तर्गत ईटा गांव के अकला महतो के बोरिंग मशीन को जंगली हाथियों के झुंड ने बर्बाद कर डाला. इसी गांव के तेम्बा उरांव, बिरसा उरांव, सोमरा उरांव, गौरी शंकर उरांव, चरवा उरांव के खेतों में अलग-अलग लगी गेहूं, मटर फ्रेंचबीन सहित अन्य खड़ी फसलों को रौंदकर जंगली हाथियों ने तहस नहस कर डाला. जंगली हाथियों के झुंड ने ईटा पंचायत के ही चरिमा गांव में एक बार फिर किसानों की फसलों पर कहर बरपाया. चरिमा गांव में लगातार तीसरे चौथे दिन बुधराम लकड़ा, चम्पा लकड़ा, तेम्बू खेश, बुधु उरांव, लाधु उरांव सहित अन्य किसानों के खेतों में लगी गेहूं मटर और आलू की फसलों पर जंगली हाथियों ने तरह बर्बाद कर दिया.

### जर्जर सड़क पर ग्रामीणों ने किया पौधरोपण

**मांडर ।** मांडर विधान सभा क्षेत्र स्थित बाजार टांड एनएच 39 से सटे रोड की स्थिति काफ़ी खराब है.आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को सड़क निर्माण की मांग को लेकर एनएच 39 पर पौधरोपण किया. ग्रामीणों ने बताया कि पथ बनाने को लेकर ग्रामीणों के द्वारा जनप्रतिनिधि, विधायक सहित अन्य को पत्राचार कर चुके है वाबजूद आज तक उक्त पथ का निर्माण नहीं हो पाया है. जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है, ग्रामीणों ने अपना विरोध जताते हुए रोड में पौधरोपण किया. इनका कहना है कि हम लोगों को सिर्फ नेता लोग वोट के लिए इस्तमाल करते है इस बार रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा के साथ हम सभी वोट बहिस्कार करेंगे.

### किसानों के बीच उपयोगी बीज का वितरण

**तमाड़।** 26 वीं वाहनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेट एस डी शेरखाने के नेतृत्व में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत किसानों के बीच उपयोगी बीज का वितरण किया.कार्यक्रम आयोजित कर कैंप सीमा बल के उप कमांडेट अनुराग सिंह सहायक कमांडेट सोमेन गोराई निरीक्षक विकास कुमार के द्वारा डोंगिडीह और लुंगटु के 47 लाभुकों के बीच खाद्य बीज का वितरण किया गया .इधर सशस्त्र सीमा बल 26 वाहनी जी समवाय तमाड़ के उप कमांडेट अनुराग सिंह सहायक कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में 63 किसानों को खाद्य बीज उपलब्ध कराया गया गया.जिसमें मुख्य रूप से खीरा, टमाटर, नेनुवा, लौकी आदि बीज शामिल है.

